पर्यटकों के लिये लग्जरी वैन ‘कारवां’ का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

- 24 सितिंबर, 2021 को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड के दूरस्थ स्थानों की यात्रा हेतु उत्तराखंड के लोगों एवं पर्यटकों के लिये उच्च आराम सुविधाओं से लैस विशिष वैन ‘**कारवां**’ का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह कैंपिंग वाहन यात्रा के शौकीन पर्यटकों के लिये घर जैसी सभी सुविधाएँ मुहैया कराएगा। इस वाहन में एलसीडी टीवी, सैटेलाइट टीवी, जीपीआरएस नेविगेशन सिस्टम, वाशरूम, पेंट्री, माइक्रोवेव और अन्य सुविधाएँ हैं।
- इस वाहन से कोई भी सड़क मार्ग से कहीं भी यात्रा कर सकता है। इसका सीधा लाभ पर्यटकों और उत्तराखंड के लोगों, दोनों को होगा।
- उन्होंने कहा कि इस कारवां को **वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोज़गार योजना** में शामिल किया गया है, साथ ही इसे पर्यटन योजना वर्ष 2018 के तहत एमएसएमई के अंतर्गत भी शामिल किया गया है, जिसमें स्थानीय लोग ‘कारवां’ खरीद सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-luxury-van-caravans-for-tourists